ष्यगति है॥ इंद्रियजाति पांचमें पंचेंद्रियजाति है काय छह में त्रसकाय है
योगपदरा में मनयोग सत्य अनुभय ऐसें दोय वचन रितेही वचनयोग दो
यवचनरिकाययोग उदारिक ऐसें पांच है अर समुद्घात करै ताकै उ	१०८
दारिकमिश्र कार्मण ए दोय मिलि सात है वचनरि वेद तीन ही का अभाव है

वचनरि कषाय पचीस सर्व ही का अभाव है॥ वचनरि ज्ञान आठ मैं केवल
ज्ञान है संयम सात मैं एक यथाख्यात॥ दर्शन च्यारि में एक केवल दर्शन है
लेश्या छह मैं एक शुक्ल योग निमित्तक है॥ भव्य दोय में एक भव्य है॥ सम्य
क्त्व छह मैं क्षायक सम्यक्त्व है॥ संज्ञी दोय मैं में संज्ञी है सो द्रव्य करि है
भाव करि क्षयोपसमरूप मन का अभाव है॥ आहार मैं आहारक है सो
नोकर्म वर्गणा अपेक्षा है कवलाहार नाही हैं॥ अर समुद्घात करै तो अ
नाहारक भी है॥ ऐसें दोऊ है ऐसैं मार्गणा अपेक्षा अरहंतका स्थाप
न जाननां॥ छ॥ आगै पर्याप्त करि कहै है॥ गाथा॥ आहारे य सरीरे
इंद्रियमण आणपाणभासाय॥ पज्जत गुण समिद्धो उत्तमदेवो हवइ
अरहो॥३४॥ अर्थ॥ आहार वचनरि शरीर इंद्रिय मन आणपाण कहिए

स्वासोछासभाषामेंऐसैंछपर्याप्तहै। इसपर्याप्तिगुणकरिसमृद्धकहियेयुक्तउत्तमदे
वअरहंतहै॥ भावार्थ॥ पर्याप्तकास्वरूपऐसाजोअन्यपर्यायतैंच्यवनकरिअन्य
पर्यायमेंप्राप्तहोयतबतीनसमयउत्कृष्टअंतरालमैंरहैपीछैसैनीपंचेंद्रिउपजै
सोतहांतीनजातिकीवर्गणातैंतौआहारशरीरइंद्रियस्वासोछासऐसैंच्यारिप
र्याप्तिअंतरमुहूर्तहीमैंभांषांकालमैंपूर्णकरैपीछैभाषाजातिमनोजातिकीव
र्गणातैंअंतरमुहूर्तहीमैंभाषामनपर्याप्तिपूर्णकरैऐसैंछहूपर्याप्तअंतमुहू
र्तमैंपूर्णकरैपीछैआयुपर्यंतपर्याप्तिहीकहावैअरनोकर्मवर्गणांकाग्रहण
करवोहीकरैइहांआहारनामकवलाहारकानजाननांऐसैंतेरहगुणस्थान
मीअरहंतकेपर्याप्तपूर्णहीहैऐसेपर्याप्तकरिअरहंतकास्थापनहै॥ ॥ आ ११०
गैंप्राणकरिकहैहैं॥ गाथा॥ पंचविइंद्रियपाणा। मणवचकाएणतिणिबलपा

णा॥ आणप्पाणप्पाणाआउगपाणेणहोंतिदहपाणा॥३५॥ अर्थ॥ पांचतौइंद्रियप्रा
णावहुरिमनवचनकायकरितीनबलप्राणएकस्वासोछासप्राणएकआयुप्रा
णकरिसहितदशप्राणहैं॥ भावार्थ॥ जीवसमासचौदहकहेहैं॥ एकेंद्रियसूक्ष्मबा
दर२बेंइंद्रियतेंइंद्रियचौंइंद्रियऐसैंविकलत्रय३असैनीसैनी२॥ ऐसैंसात॥
तेयेपर्याप्तिअपर्याप्तिकरिचौदहतिनिमैंचौदमासैंनीपंचेंद्रियजीवस्था
नअरहंतकेहैगाथामेसैनीकानाममनलीयाअरमनुष्यभवकानामलीया
सोमनुष्यसैंनीहीहोयहैअसैंनीनहोयतातैंमनुष्यकहनेंतैसैंनीहीजाननं
ऐसैगुणनिकरिसहितस्थापनाअरहंतकावर्णनकीया॥ ॥ आगैंद्रव्यकूं
प्रधानकरिअरहंतकानिरूपणकरैहै॥ गाथा॥ जरवाहिदुक्खरहियंआहार
णीहारवज्जियंविमलं। सिंहाणखेलसेउराणिदुगंधायदोसो ण॥३६॥ ॥दश

अ०पा० पाणपज्जत्ती अठसहस्सायलक्खणा भणिया ॥ गोखीरसंखधवलं मंसंरुहि
१११ चसव्वंगे ॥ ३४ ॥ एरिसगुणेहिसव्वं अइसयवंतं सुपरिमलामोयं उरालियं च का
यंणायव्वं अरहपुरिसस्स ॥ ३५ ॥ अर्थ ॥ अरहंतपुरुषका औदारिककाय ऐसा
जामैं नां जरा वहुरि व्याधि रोगादिनि संबंधी दुःख जामैं नांही है वहुरि आहार
निहार करि वर्जित है वहुरि विमल कहिए मलमूत्र करि रहित है ॥ वहुरि सिंहा
ण कहिए श्लेष्म खेल कहिए थूल स्वेद कहिए पसेव वहुरि दुर्गंछा कहिए घृ
णग्लानता दुर्गंधादि दोष जामैं नांही है ॥ ना ॥ दश तौ जाकै प्राण है ते द्रव्यप्राण ज १
ननां ॥ वहुरि पूर्णपर्याप्त है ॥ वहुरि एक हजार आठ लक्षण जाकै कहे हैं ॥ वहुरि ।
गोखीर कहिए गोदुग्ध तथा संख समा धवला जामैं सर्वंगि रुधिर मांस है ॥ ऐसे गु १११
णनि करि सर्वही अतिशयनि करि संयुक्त निर्मल है आमोद कहिए सुगंध जामैं

ऐसा औदारिक देह अरहंतपुरुषका जाननां ॥ भावार्थ ॥ इहां द्रव्यनिक्षेप नाहीं स
मझना आत्मातैं जुदा बाह्य देहकूं प्रधान करि द्रव्यअरहंतका वर्णन है ॥ ऐसैं
द्रव्यअरहंतका वर्णन कीया ॥ ३५ ॥ आगै भावकूं प्रधान करि निरूपण करै है
तहां प्रथमही भावमैं दोषनिका अभावकूं कहै है ॥ गाथा ॥ मयरायदोसरहिओ क
सायमलवज्जिओ य सुविसुद्धो चित्तपरिणामरहिदो ॥ केवलभावे मुणेयव्वो ॥ ३६ ॥
॥ अर्थ ॥ केवलभाव कहिए केवलज्ञानहीरूप एक भाव होतैं संतैं अरहंत ऐ
सा जाननां मद कहिए मान कषायतैं तथा गर्व वहुरि रागद्वेष कहिए कषाय
निके तीव्र उदयतैं होय ऐसा प्रीति अप्रीतिरूप परिणाम इनितैं रहित है ॥ वहुरि प
चीस कषायरूप मलसत्ताका द्रव्यकर्म तथा तिनिके उदयतैं भया भावमल ता
करि वर्जित है ॥ याहीतैं अतिशय करि विशुद्ध है निर्मल है ॥ वहुरि चित्तपरिण १

अ॰ष्पा॰ मकहि०॥मनकापरिणमनरूपविकल्पताकरिरहितहैज्ञानावर्णकर्मकेक्षय
११२ तैंक्षयोपशमरूपमनकाविकल्पनांहीहैऐसाकेवलएकज्ञानस्वरूपअरहंतवीत
रागस्वरूपताकूंअरहंतजानना॥३॥आगैंताहीकाविशेषकहैहै॥गाथा॥सम्मं
दंसणपस्सइजाणदिणाणेणदव्वपज्जाया॥सम्मत्तगुणविसुद्धोभावोअरहस्स
णायव्वो॥४॥अर्थ॥सम्यग्दर्शनकरितौआपकूंतथासर्वकूंसत्तामात्रदेखैक
रिदेखैहैऐसाकेवलदर्शनजाकैहैबहुरिज्ञानकारिसर्वद्रव्यपर्यायनिकूंजानै
हैऐसाजाकैकेवलज्ञानहै॥बहुरिसम्यक्त्वगुणकरिविशुद्धहैक्षायिकस
म्यक्त्वजाकैपाईयेहै॥ऐसाअरहंतकाभावजानना॥भावार्थ॥अरहंतहोय
हैसोघातिकर्मकेनासतैंहोयहैसोमोहकर्मकेनाशतैंमिथ्यात्वकषायके ११२
अभावतैंपरमवीतरागपणांसर्वप्रकारनिर्मलताहोयहैबहुरिज्ञानाव

रणदर्शनावरणकर्मकेनाशतैंअनंतदर्शनअनंतज्ञानप्रगटहोयहैति
निकरिसर्वद्रव्यपर्यायनिकूंएककालप्रत्यक्षदेखैजानैहैतहांद्रव्यछ
हहैतिनिमैंजीवद्रव्यतौसंख्याकरिअनंतानंतहै॥बहुरिपुद्गलद्रव्यनितैंअ
नंतानंतगुणेहै॥बहुरिआकाशद्रव्यएकहैसोअनंतानंतप्रदेशीहैतामैमध्य
सर्वजीवपुद्गलअसंख्यातप्रदेशमैतिष्ठैहै॥बहुरिएकधर्मद्रव्यएकअधर्मद्र
व्यदोऊअसंख्यातअसंख्यातप्रदेशीहैइनितैंआकाशकेलोकअलोक
काविभागहैतिसलोकहीमैंकालद्रव्यकेअसंख्यातकालाणुतिष्ठैहैइनिस
र्वद्रव्यकेपरिणमनरूपपर्यायहैतेएकएकद्रव्यकेअनंतानंतहैतिनिकूं
कालद्रव्यकापरिणमननिमित्तहैताकेनिमित्ततैंक्रमरूपहोनासमयादिक
व्यवहारकालकहावैहैतीसकीगणनातैंअतीतअनागतवर्त्तमानद्रव्य॥

अ०पा० तिकेपर्यायअनंतानंतहैतिनिसर्वद्रव्यपर्यायनिकूंअरहंतकादर्शनज्ञानएकं
११३ कालदेखैजानेहैयाहीतैंअरहंतकूंसर्वदर्शीसर्वज्ञकहियेहै ॥ ऐसैंअरहं
तकानिरूपणचौदहगाथामैकीयातहांप्रथमगाथामैनाममात्रस्थापनाद्रव्यभा
वगुणपर्यायसहितच्यवनआगतिसंपत्तिनाकरिअरहंतकूंजनावैहैताका
व्याख्याननामादिकथनमैंसर्वहीआगयाताकासंक्षेपभावार्थलिखिये
है तहांप्रथमतौगर्भकल्याणकहोयहैसोगर्भमैंपहलीछमहीनाइंद्रकीआ
ज्ञाथनदजितराजाकीराणीकेगर्भमैंआवसीताकेनगरकीसोभाकरैरत्न
मयीसुवर्णमयीमंदिररचैनगरकैकोटखाईदरवाजेसुंदरवनउपवनकी
रचनाकरैसुंदरजिनिकेवेषऐसेनरनारीउरमैवसावैवहुरितिसराजमं ११३
दिरपरिरत्ननकीवर्षाहोवोकरै वहुरिमाताकेगर्भमैंआवैतबमाताकूंसो ।

लहसुमनसुपनाआवैरुचिकदीपकीवसनेवालीदेवांगनामाताकीनि
त्यसेवाकरवौकरैऐसैंनवमासवीतिप्रभुकातीनज्ञानदशाअतिशयसं ।
लोक लीयेजन्महोयतबतीनूंमैंक्षोभहोयदेवनिकेविनाबजायेबाजेबाजैइंद्र
काआसनकांपैतबइंद्रप्रभुकाजन्महूवाजानिस्वर्गतेंऐरावतिहस्तीचं
ढिआवैसर्वच्यारिप्रकारकादेवदेवीनेलेहोयआवैसचीइंद्राणीमाताप ।
सिजायप्रछन्नप्रभुकूंलेआवैइंद्रहरषितहजारनेत्रकरिदेखैसोधर्मइंद्र
आपनीगोदमैंलेऐरावतिहस्तीपरिचढिमेरुपर्वतमैंचालिईशानइंद्रछत्रधा
रैसनतकुमारमाहेंद्रचमरढारैमेरुकेपांडुकवनकीपांडुकशिलापर
सिंहासनपरिप्रभुकूंथापैसारेदेवक्षीरसमुद्रतेंएकहजारआठकलशा
निमैंजललयायदेवदेवांगनागीतवाजित्रनृत्यकरैउछाहसहितप्रभुकूं

Dr. ... DA... MEMORIAL

अ०पा० मस्तकपरि ढारि जन्मकल्याणकका अभिषेक करै पीछैं श्रृंगार वस्त्र आभूष
११५ णपहराय माताके मंदिर ल्याय माताकूं सौंपें इंद्रादिक देव अपने स्थानक
जाय कुमेर सेवा करै है पीछैं कुमार अवस्था तथा राज अवस्था मांगै तामैं
मनो वांछित जोग भोग वै पीछैं किछु वैराग्यका कारण पाय संसार देह भोग
तैं विरक्त होय तव लौकांतिक देव वैराग्यके वधावनहारी स्तुति करैं पीछै
इंद्र आय तप कल्याणक करै पालकी मैं बैठाय वस्तिस्वं तैं वनमैं लेजाय
तहां प्रभु पवित्र शिलापरि बैठि पंचमुष्टी लोंच करि पंचमहाव्रत अंगीका
र करै समस्त परिग्रहका त्याग करि दिगंवर रूपधारि ध्यान करै। तत्का।
ल मनपर्यय ज्ञान उपजै पीछैं केतेक काल वीतै तपके वलकरि घातिकर्म ११५
प्रकृति ४७ अघाति कर्मका प्रकृति १६ ऐसैं त्रेसठि प्रकृतिका सत्त।

मैं सत्तानाश करि केवलज्ञान उपजाय अनंतचतुष्टय पाय क्षुधादिक अ
ठारह दोषनितैं रहित होय अरहंत होय तब इंद्र आय समवसरण र।
चै सो आगमोक्त अनेक सोभासहित मणि सुवर्णमयी कोट खाई वेदी
च्यारयौं दिशा दरवाजा मानस्तंभ नाटशाला वन आदि अनेक रचना करै
ताकै मध्य सभामंडपमैं वारह सभा तिनिमैं मुनि अर्यका श्रावक श्राविका
देव देवी तिर्यंच तिष्ठै प्रभुकै अनेक अतिशय प्रगट होय सभामंडपकै बीचि।
सिंहासन परि कमलासन अंतरीक्ष प्रभु विराजै अर अष्टप्रातिहार्य युक्त
होय वाणी खिरै ताकूं सुणि गणधर द्वादशांग शास्त्र रचैं ऐसे केवलकल्या
णका उत्सव इंद्र करै। पीछैं प्रभु विहार करै ताका वडा उत्सव देव करैं। पी।
छैं केतेक काल पीछैं आयु के दिन थोरे रहैं तब योग निरोध करि अघाति

अ॰पा॰
११५

कर्मका नाश करि मुक्त पधारे तब पीछै शरीरका संस्कार इंद्र उत्सवसहि
त निर्वाणकल्याणक करै ऐसैं तीर्थंकर पंचकल्याणककी पूजा पाय अ
रहंत कहाय निर्वाणप्राप्ति होय ऐसैं जाननां ॥ ७ ॥ आगै प्रव्रज्याका नि
रूपण करै है ताकूं दीक्षा कहिए । तहां प्रथम ही दीक्षाकै योग्य स्थानकवि
शेषकूं तथा दीक्षासहित मुनि तहां तिष्ठै ताका स्वरूप कहै है ॥ गाथा ॥ सुण्णह
रे तरुहिट्ठे उज्जाणे तह मसाणवासे वा । गिरिगुह गिरिसिहरे वा भीमव
णे अहव वसिते वा ॥ ४२ ॥ सवसासत्तं तित्थं वचचइदालत्तयं च वुत्तेहिं । जि
णभवणं अह वेज्झं जिणमग्गे जिणवरा विंति ॥ ४३ ॥ पंचमहव्वयजुत्ता पंचि
दियसंजया णिरावेक्खा । सज्झायझाणजुत्ता मुणिवरवसहा णिइच्छंति ११५
॥ ४४ ॥ गाथा ॥ सूना घर वृक्षका मूल कोटर उद्यान वन मसाणभूमि गिरिकी गु

फा गिरिका शिखर भयानक वन अथवा वसतिका ॥ इनिकै विषै दीक्षासा
हित मुनि तिष्ठै ए दीक्षायोग्य स्थानक है ॥ बहुरि स्ववसासक्त कहिये स्वाधीन
मुनिनिकरि आसक्त जे क्षेत्र जिनिमैं मुनि वसै तथा जहांतैं मुक्ति पधारे ऐ
सैं तीर्थस्थान बहुरि वच चैत्य आलय ऐसा त्रिक जे पूर्वै उक्त कहिए आय
तन आदिक परमार्थरूप संयमी मुनि अरहंत सिद्धस्वरूप तिनिका नाम
के अक्षररूप मंत्र तथा तिनिकी आज्ञारूप वाणी सो तो वच अर तिनिकै आ १
कार धातुपाषाणकी प्रतिमा का स्थापन सो चैत्य अर तिस प्रतिमा तथा अ
क्षर मंत्र वाणी जिसमैं स्थापिये ऐसा आलय मंदिर यंत्र पुस्तक ऐसा वचन
चैत्य आलय का त्रिक बहुरि अथवा जिनभवन कहिये अकृत्रिम चैत्या
लय मंदिर ऐसा आयतनादिक तिनिकै समान ही तिनिका व्यवहार ताहि

अ०पा० जिनमार्गविषैजिनवरदेववेध्यकहिए दिक्षासहितमुनिनकैंध्यावनेंयोग्य।
११६ चिंतवनकरनैंयोग्यकह्याहै॥ ६०॥ वहुरिजेमुनिवृषभजेमुनिनिमैंप्रधानहै
तेकहेहैंसेसून्यग्रहादिकतथातीर्थनाममंत्रस्थापनारूपमूर्त्तिअरतिनिका
आलयमंदिरपुस्तगअरअकृत्रिमजिनमंदिरतिनिकूंणिइच्छंतिकहिएनि
श्चयकरिइष्टकरैहैतिनिमैंसूनाघरआदिकमैवसैहैअरतीर्थआदिकाध्या
नचिंतवनकरैहैअरअन्यकूंतहांदीक्षादेहै इहांणिइच्छंतिकापाठांतरणिइ
च्छंतिऐसाभीहैताकाकाक्कोक्तिकरितौऐसाअर्थहोयहैजोकहांनइष्टक
रैहै॥ अरएकटिप्पणमैंऐसाअर्थकीयाहैजोऐसेसून्यग्रहादिकतथाती
र्थादिकजोस्ववसासक्तकहिएस्वेच्छाचारीभ्रष्टआचारीतिनिकरिआसक्त ११६
होयतोतेमुनिप्रधानतितिनिकूंइष्टकरैतहांनवसैं॥ कैसेहैमुनिप्रधानपांच

महांव्रतनिकरिसंयुक्तवैंहैवहुरिकैसेहैपांचइंद्रियनिकाहैजैलेप्रकार
जीनिकैंवहुरिकैसेहैनिरापेक्षहैकाहूप्रकारकीवांछाकरिमुनिनभ
येहै वहुरिकैसेहैस्वाध्यायध्यानकरियुक्तहै॥ केतौशास्त्रपढेंपढावैहै।
केधर्मशुक्लध्यानकरैहै॥ भावार्थ॥ इहांदिक्षायोग्यस्थानकतथादिक्षासहि
तदिक्षादेनेंवालामुकैतथातिनिकैचिंतवनयोग्यव्यवहारकास्वरूपक
ह्याहै॥ ५७॥ आगैप्रव्रज्याकास्वरूपकहैहै॥ गाथा॥ गिहगंथमोहमुक्का वावी
सपरीसहाजियकसाया॥ पावारंभविमुक्का पव्वज्जाएरिसाभणिया॥ ४५॥ अ
र्थ॥ गृहकहिएघरअरग्रंथकहिएपरिग्रहइनिदोऊनितैतथातिनिका॥
मोहममत्वइष्टअनिष्टबुद्धितातैरहितहै वहुरिवाईसपरीसहकासहनां
जामैहोयहै वहुरिजीतेहैकषायजामैंवहुरिपापरूपजोआरंभ०ताक

रिरहितहै॥ ऐसी प्रव्रज्या जिनेश्वरदेव कही है॥ भावार्थ॥ जैन दीक्षा मैं सर्व परीग्र
हनांही सर्वसंसारका मोह नांही बाईस परीसहका जामैं सहनां कषायनि
का जीतना पापारंभका जामैं अभाव ऐसी दीक्षा अन्यमत मैं नांही॥ ॥ फेरि
कहै है॥ गाथा॥ धणधण्णवत्थदाणं हिरण्णसयणासणाइ छत्ताइं उद्धाणविरह
रहिया पव्वज्जा एरिसा भणिया॥ ४६॥ अर्थ॥ धनधान्य वस्त्र इनिका दान व
हुरि हिरण्य कहिए रूपा सोना आदिक वहुरि शय्या आसन आदिक छत्र
छत्र चामरादि वहुरि क्षेत्र आदिकाएकु दान ताका देना ताकरि रहित ऐसी
प्रव्रज्या कही है॥ भावार्थ॥ अन्यमती केई ऐसी प्रव्रज्या कहै है जो गऊ धा
न वस्त्र सोना रूपा शयन आसन छत्र चामर भूमि आदिका दान करना सो
प्रव्रज्या है ताका या गाथा मै निषेध कीया है प्रव्रज्या तौ निर्ग्रंथस्वरूप है जो ध

न धान्य आदि राषि दान करै ताकै काहेके प्रव्रज्या ए तौ ग्रहस्थका कर्म है॥ वहु
रि ग्रहस्थकै भी इनि वस्तुनिके दानतै विशेष उत्पत्तौ नांही उपजै है पाप वहुत
है उत्पत्ति अल्प है सो वहुत पापकार्य तौ ग्रहस्थकूं करनेमैं लाभ नांही जामैं वहु
त लाभ होय सो ही करना योग्य है दीक्षा तौ इनि वस्तुनिकरि रहित ही जाननां
॥ ॥ आगे फेरि कहे है॥ गाथा॥ सत्तूमित्ते य समा पसंसणिंदाअलद्धिलद्धिसमा
तणकणए समभावा पव्वज्जा एरिसा भणिया॥ ४७॥ अर्थ॥ वहुरि जामैं शत्रु मि
त्र विषै समभाव है वहुरि प्रसंसा निंदा विषैं अर लाभ अलाभ विषै समभाव
हैं वहुरि तृण कंचन विषै रागद्वेषका अभाव है तातै वैरी मित्र निंदा प्रसंसा
लाभ अलाभ तृण कंचन विषै तुल्यभाव है॥ जैनके मुनिनिकै ऐसी दीक्षा है
॥ ॥ आगैं फेरि कहै है॥ गाथा॥ उत्तममज्झमगेहे। दारिद्दे ईसरे निरावेक्खा॥

श्रा०पा० सवत्थगिहत्थपिंडा पव्वज्जा एरिसा भणिया ॥ ४८ ॥ अर्थ ॥ उत्तमगेह कहिए सोभा
२२८ सहित ऐसा राजमंदरादिक अर मध्यमगेह कहिए सोभा रहित सामान्य
जनका घर इनि विषै तथा दारिद्री अर धनवान इनि विषै निरापेक्ष कहिए
जामैं अपेक्षा नांही ऐसी सर्वजायगा आहार है पिंड कहिए आहार जामैं ऐसी
प्रव्रज्या कही है ॥ भावार्थ ॥ मुनि दिक्षा सहित होय है ते आहार लेनेंकूं जाय तब
ऐसी न विचारै जो वडे घर जानां अथवा छोटे घर जानां तथा दलिद्री कै न जै ।
धनवान कै जानां ऐसी वांछा रहित अपनां निर्दोष आहार की योग्य
ता होय तहां सर्वत्र ही जाय योग्य आहार लें ऐसी दिक्षा कहे है ॥ आगे ।
फेरि कहे है ॥ गाथा ॥ णिग्गंथा णिस्संगा णिम्माणासा अरायणिद्दोसा णि २२८
म्मम णिरहंकारा पव्वज्जा एरिसा भणिया ॥ ४९ ॥ अर्थ ॥ वहुरि कैसी है प्रव्रज्या

निरग्रंथ स्वरूप है परिग्रह तैं रहित है ॥ वहुरि कैसी है निःसंगा कहिए स्त्री आ
दिक परद्रव्य का संग मिलाप जामै नांही है ॥ वहुरि निर्मांणा कहिए मान कषाय
जामै नांही है मद रहित है ॥ वहुरि कैसी है निराशा है आशा जामै नांही है सं
सार देह भोग की आशा रहित है ॥ वहुरि कैसी है अराग कहिये राग का जा
मै अभाव है संसार देह भोग सूं प्रीति जामै नांही है ॥ वहुरि कैसी है निर्दोष
है काहूसूं द्वेष जामैं नांही है ॥ वहुरि कैसी है निर्ममा कहिए जामैं काहूसूं मम
त्वभाव नांही है ॥ वहुरि कैसी है निरहंकारा कहिए अहंकार रहित है जो कछू
कर्म का उदय है सो होय है ऐसे जानने तैं परद्रव्य मैं कर्तापणा का अहंकार
नांही है अपना स्वरूप ही का जामै साधन है ऐसी प्रव्रज्या कही है ॥ भावार्थ ॥ अ
न्यमती भेषपहरि तिसमात्र दीक्षा मानै है सो दीक्षा नांही है जैन दीक्षा ऐसी ॥

DR. BHAU DAJI MEMORIAL

अ०पा० कही है ॥ ॐ ॥ आगै फेरि कहै है ॥ गाथा ॥ णिण्णेहा णिल्लोहा णिम्मोहा णिव्वियार णि
११९ क्कलुसा णिब्भय णिरासभावा ॥ पव्वज्जा एरिसा भणिया ॥ ५० ॥ अर्थ ॥ बहुरि प्र
व्रज्या ऐसी कही है कैसी है ॥ निस्नेहा कहिये जामै काहूसूं स्नेह ममत्व नांही प
रद्रव्यसूं रागादिरूप सचिक्कण भाव जामै नांही है बहुरि कैसी है निर्लोभा कहि
ए जामैं किछू परद्रव्य के लेने की वांछा नांही है ॥ बहुरि कैसी है निर्मोहा कहि
ए जामै काहूं परद्रव्यसूं मोह नांही है भूलिकरि भी परद्रव्य तै आत्मबुद्धि न
ही उपजै है बहुरि कैसी है निर्विकार है बाह्य अभ्यंतर विकारसूं रहित है बा
ह्य शरीरकी चेष्टा तथा वस्त्राभूषणादिकका तथा अंग उपंगका जामै वि
कार नांही है अंतरंग काम क्रोधादिकका विकार जामैं नांही है ॥ बहुरि कैसी ११९
है निःकलुषा कहिये मलिनभाव रहित है आत्माकूं कषाय मलिन करै है सो

कषाय जामैं नांही है अपना स्वरूपकूं अविनाशी जानै ताकै काहेका भय होय
बहुरि कैसी है निराशाभाव कहिए जामैं ॥ ॥ काहू प्रकारका परद्रव्यकी
आशाका भाव नांही है आशा तौ किछू वस्तुकी प्राप्ति होय ताकी लगी रहै है अ
र जहां परद्रव्यकूं अपना जाण्या नांही अर अपने स्वरूपकी प्राप्ति भई तब कि
छू पावना न रह्या तब काहूकी आशा होय प्रव्रज्या ऐसी कही है ॥ भावार्थ ॥ जै
न दीक्षा ऐसी है अन्यमत मैं स्वपरद्रव्यका भेदज्ञान नांही तिनिकै ऐसी दी
क्षा काहेतै होय ॥ ॐ ॥ आगैं दीक्षाका बाह्यरूप कहै है ॥ गाथा ॥ जहजायरूव
सरिसा ॥ अवलंबियभुव णिराउहा ॥ संता परकियणिलयणिवासा पव्व
ज्जा एरिसा भणिया ॥ ५१ ॥ अर्थ ॥ कैसी है प्रव्रज्या यथाजातरूपसदृशा क
हिए जैसा जन्म्या बालकका नग्नरूप होय तैसा नग्नरूप जामै है बहुरि

अ०पा० कैसी है अवलंबितभुजा कहिए लंबायमान कीये है भुजा जामे बहुरि अप्र
१२० पेक्षा कायोत्सर्ग धारहना जामे होय है। बहुरि कैसी है निरायुधा कहिए
आयुधनि करि रहित है। बहुरि शांता कहिए अंगउपांग के विकार रहि
त अंगलंभुजा जामे होय है बहुरि कैसी है परिकृतनिलयनिवासा कहिये प
रका कीया निलय जो वसतिका आदिक तामै है निवास जामे॥ आप कूं।
कृतकारित अनुमोदना मनवचनकाय करि जामे दोष न लाग्या होय कै
सी परकी करी वसतिका आदिक मैं वसना होय है ऐसी प्रव्रज्या कही है। भा
वार्थ। अन्यमती केई वा त्रवस्त्रादिक राखै है केई आयुध राखै है केई सुख
निमित्त आसन चलाचल राखै है केई उपाश्रय आदि वसने का निवास ब
णाय तामे वसे है अर आप कूं दीक्षासहित मानै है। तिनि के भेषमात्र है। १२०

जैनदीक्षा तौ जैसी कही तैसी ही है॥ ५१॥ आगे फेरि कहै हैं। गाथा। उवसमखम
दमजुत्ता॥ सरीरसंक्कारवज्जिया रूक्खा। मयरायदोसरहिया॥ पव्वज्जा एरि
सा भणिया॥ ५२॥ अर्थ॥ बहुरि कैसी है प्रव्रज्या उपशमक्षमदमयुता कहिए उप
शम तौ मोहकर्म का उदय का अभावरूप शांतिपरिणाम अर क्षमा क्रोध का
अभावरूप उत्तमक्षमा अर दम इंद्रियका विषयनि मे न प्रवर्त्तावना इनि
भावनि करि युक्त है शरीरसंस्कारवर्जिता कहिये स्नानादिक करि सरी
र का सवारना ता करि रहित है। बहुरि रूक्षा है तैलादिक का मर्दन शरी
र कै जामै नाही है बहुरि कैसी है मदरागद्वेष इनि करि रहित है। ऐसी प्रव्र
ज्या कही है॥ भावार्थ॥ अन्यमत के भेषी क्रोधादिकरूप परिणमै है सरीर
कूं बारि सुंदर राखै है इंद्रियनि के विषयनि कै विषय सेवै है अर आप ही

अ०पा० कूं दीक्षा सहित मानै है सो वे तो मत स्तुत्य है अतीत कहा पउलहा मि
१२१ थ्यात्व दृढ करै है जैन दीक्षा ऐसी है सो सत्यार्थ है या कूं अंगीकार करै
तौ साचै अतीत है ॥७॥ आगै फेरि कहै है ॥ गाथा ॥ विवरीयमूढभावा पणा
ट्ठकम्म णट्ठमिच्छत्ता ॥ सम्मत्तगुणविसुद्धा पव्वज्जा एरिसा भणिया ॥ ५३ ॥ अर्थ
वहुरि कैसी है प्रव्रज्या विपरीत भया है दूरि भया है मूढभाव कहिये अज्ञा
नभाव जामें अन्यमती आत्मा का स्वरूप सर्वथा एकांत करि अनेक प्रक
र न्यारे न्यारे कहि एवि वाद करै है आत्मा का स्वरूप विषै मूढभाव है जैनी
मुनिनिकै अनेकांत तैं साधा हूवा यथार्थ ज्ञान है मूढभाव नाही है वहु
रि कैसी है प्रणष्ट भया है कर्म आवजातें जैनदीक्षा लेनेवाले कै कर्मनिक १२१
नाश होय मोक्ष होय है वहुरि कैसी है नष्ट भया है मिथ्यात्व जामें जैनदीक्षा

मैं अतत्वार्थश्रद्धानरूप मिथ्यात्व का अभाव है । याही तैं सम्यक्त्व नाम गुण
करि विशुद्ध है निर्मल है सम्यक्त्व सहित दीक्षा मैं दोष नाही रहै है ऐसी प्रव्र
ज्या कही है ॥७॥ आगै फेरि कहै है ॥ गाथा ॥ जिणमग्गे पव्वज्जा छहसंघयणे
सु भणिय णिग्गंथा ॥ भावंति भव्वपुरिसा कम्मक्खयकारणे भणिया ॥५४॥ अ
र्थ ॥ प्रव्रज्या है सो जिनमार्ग विषै छह संहनन वाले जीवनिकै होनी कह्या
है कैसी है निर्ग्रंथ स्वरूप है परिग्रह तैं रहित यथाजात स्वरूप है या कूं भव्य
रूप है ते भावै है ऐसी प्रव्रज्या कर्म के क्षय का कारण कही है ॥ भावार्थ ॥ वज्र
रिषभनाराच आदि छह शरीर के संहनन कहे है तिनि मैं सर्व ही मैं दीक्षा हो
नी कह्या है सो जे भव्य पुरुष है ते कर्म के क्षय का कारण जाणि या कूं अंगीक
र करो ऐसा नाही है जो दृढ संहनन वज्रऋषभ आदिक है तिन ही मैं होय ।

 अरस्फाटिकसहनतैंनमैनहोयहैऐसीनिर्ग्रंथरूपदीक्षास्फाटिकसा
हननविषैभीहोयहैं॥ आगैफेरिकहैहै॥ गाथा॥ तिलतुसमित्त णमित्तं
 समवाहरिगंथसंगहोणछिपा॥ वज्जहवइएसाजहभणियासव्वदरसी
हिं॥५५॥ अर्थ॥ जिनप्रव्रज्याविषैतिलकेतुसमात्रकासंग्रहकाकारणऐ
साभावरूपइच्छानामाअंतरंगपरिग्रहवहुरितिसतिलकेतुसमात्रवाह्य
परीग्रहकासंग्रहनाहीहै ऐसीप्रव्रज्याजैसैसर्वज्ञदेवकहीहैसोहीहै
अन्यप्रकारप्रव्रज्यानाहीहैऐसानियमजाननां॥ भावार्थ॥ स्वेतांबरआदि
कहैहैअपवादमार्गमैवस्त्रादिककासंग्रहसाधुकैकह्याहैसोसर्वज्ञदेव
केसूत्रमैतौकह्याहैनाहीतिनिकेकल्पितसूत्रवणायेहैतिनिमैंकह्या
हैसोकालदोषहै॥ ५५॥ आगैफेरिकहैहै॥ गाथा॥ उवसग्गपरिसहसहा

णिज्जणदेसेहिणिच्चअत्थेई॥ सिलकठेभूमितलेसव्वेआरुहइसव्वछ
५६॥ अर्थ॥ कैसीहैप्रव्रज्याउपसर्गकहिएदेवमनुष्यतिर्यंचअचेतनकृ
तउपद्रवअरपरीसहकहिएदेवकर्मकेयोगतेआयेजेवाईसतिनिकूं
समभावतेंहैसहनांजामैऐसीप्रव्रज्यासहितमुनिहैतेजहांअन्यज
ननांहीऐसानिर्जनवनादिकप्रदेसतहांसदातिष्टेहै तहांभीशिलात
लकाष्टभूमितलविषैतिष्टैइनसर्वहीप्रदेशनिकूंआरोहणकरैहैसोस
र्वकहैमैतैवनमैरहनेतैनगरमैरहतौअरकिंचितकालनगरीमैरहेतौ
ऐसेहीठिकाणैरहै॥ भावार्थ॥ जैनदीक्षावालेमुनिउपसर्गपरीसहमैंसम
भावरहैअरजहांसोवैवैठेतहांनिर्जनप्रदेशमैसिलाकाष्टभूमिही
विषैवैठैसोवैअसानाहीजोअन्यमतकेभेषीकीज्योस्वछंदप्रमादीर

अ०पा है ऐसा जाननां ॥छ॥ आगे अन्य विशेष कहै है ॥गाथा॥ पसुमहिलसंढ
१२३ संगं ॥ कुसीलसंगं ण कुणइ विकहाओ ॥ सज्झायझाणजुत्ता पव्वज्जा एरिस १
भणिया ॥५७॥ अर्थ ॥ जिस प्रव्रज्या विषै पशु तिर्यंच महिला स्त्री संढ नपुंस
क इनिका संग तथा कुशील व्यभिचारी पुरुषका संग न करै है बहुरि
स्त्री राज भोजन चोर इत्यादिककी कथा ते विकथा तिनिकूं न करै तो क
हा करै स्वाध्याय कहिए शास्त्र जिनवचननिका पठन अर ध्यान कहिए
धर्म शुक्ल ध्यान इनिकरि युक्त रहै ॥ प्रव्रज्या ऐसी जिनदेव कही है ॥
भावार्थ ॥ जैन दीक्षा लेकरि कुसंगति करि विकथादिक करि प्रमादी रहै
तो दीक्षाका अभाव होय जाय याते कुसंगति निषेध है अन्य भेषकी ज्यौं १२३
यह भेष नाहीं है यह मोक्षमार्ग है अन्य संसारमार्ग है ॥छ॥ आगै फेरि

विशेष कहै है ॥गाथा॥ तववयगुणेहिं सुद्धा संजमसम्मत्तगुणविसुद्धा य
॥ सुद्धा गुणेहिं सुद्धा पव्वज्जा एरिसा भणिया ॥५८॥ अर्थ ॥ प्रव्रज्या जिनदे
व ऐसी कही है कैसी है तप कहिए बाह्य अभ्यंतर बारह प्रकार अर व्रत
कहिए पांच महाव्रत अर गुण कहिए इनिके भेदरूप उत्तरगुण तिनिकरि
शुद्ध है ॥ बहुरि कैसी है संजम कहिए इंद्रियमनका निरोध षट्कायजीव
निकी रक्षा सम्यक्त्व कहिए तत्वार्थश्रद्धान लक्षण निश्चय व्यवहाररूप स
म्यग्दर्शन बहुरि इनिको गुण कहिए मूलगुण उत्तरगुण तिनिकरि शुद्ध
अतीचार रहित निर्मल है बहुरि जे प्रव्रज्याके गुण कहे तिनि शुद्ध है भेष
मात्र ही नाहीं है ऐसी शुद्ध प्रव्रज्या कही है इनि गुणनि विनां प्रव्रज्या शु
द्ध नाहीं है ॥ भावार्थ ॥ तप व्रत सम्यक्त्व इनिकरि सहित अर इनके मूलगुण उत्त

Dr. BHAU DAJI MEMORIAL

अ०पा० रगुण अर अतीचार निका शोधना जामैं होय ऐसी दिक्षा शुद्ध है अन्य
१२५ वादी तथा श्वेतांवर जैसे तैसे कहै है सो ही दिक्षा शुद्ध नाहीं है ॥ ५९ ॥ आ
गैं प्रव्रज्या का कथन कूं संकोचै है ॥ गाथा ॥ एवं आयतनगुणपज्जत्ताव
हुविसुद्धसम्मत्ते ॥ णिग्गंथे जिणमग्गे संखेवेणं जहाखादं ॥ ६० ॥ अ
र्थ ॥ ऐसे पूर्वोक्त प्रकार आयतन जो दिकाणा निर्ग्रंथमुनि ताके गुण
जेते है तिनि करि पज्जत्ता कहिए परिपूर्ण बहुरि अन्यमती जे बहुत दीक्षा
मैं थी चाहिये ते गुण जामे होय ऐसी प्रव्रज्या जिनमार्गमे जैसैं ख्यात
कहिए प्रसिद्ध है तैसे संक्षेप करि कही कैसा है जिनमार्ग विशुद्ध है सम्य
क्त जामैं अतीचार रहित सम्यक्त जामैं पाइए बहुरि कैसा है जिनमार्ग १२५
निर्ग्रंथ रूप है जामै बाह्य अभ्यंतर परिग्रह नाही है ॥ भावार्थ ॥ ऐसा ॥

र्वोत्कृ प्रव्रज्या निर्मल सम्यक्त सहित निर्ग्रंथ रूप जिनमार्ग विषै कही है ॥ अन्य नै।
यायिक वैशेषिक सांख्य वेदांत मीमांसक पातंजलि बौद्ध आदिक मतमै नाही है
बहुरि कालदोष तै जैनमत मैं तै च्युत भये अर जैनी कहावै ऐसे श्वेतांवर आदि
कनि मैं भी नाही है ॥ ऐसैं प्रव्रज्या का वर्णन कीया ॥ ७ ॥ आगैं बोधपाहुड के
कथन कूं संकोचता संता आचार्य कहै है ॥ गाथा ॥ रूवत्थं सुद्धत्थं जिणमग्गे जिण
वरेहिं जह भणियं ॥ भव्वजणबोहणत्थं ॥ छक्कायहियंकरं उत्तं ॥ ६१ ॥ अर्थ ॥ शु
द्ध है अंतरंग भाव रूप अर्थ जामैं ऐसा रूपस्थ कहिए बाह्यस्वरूप मोक्षमार्ग जैसा।
जिनमार्ग विषै जिनवरदेव कह्या है तैसा छह काय के जीवनि का हित करनेवाला १
मार्ग भव्य जीवनि के संबोधने के अर्थि मैं कह्या है ऐसैं आचार्य नैं अपना अ।
भिप्राय प्रगट कीया है ॥ भावार्थ ॥ इस बोधपाहुड विषैं आयतन आदि प्रव्रज्या

अ० पा० पर्यंतग्पारहेस्वलकहेतितिकावाह्यअंतरंगस्वरूपजैसैंजिनदेवनेंजिनमार्गमैं
१२५ कह्याहैतैंसाकह्याहैकेसाहेयहरूपछहकायकेजीवनिकाहितकरनेंवालाहै
एकेंद्रिआदिअसेंनीपर्यंतजीवनिकीतोरक्षाकाजामैंअधिकारहैवङरिसैंनी
पंचेंद्रीयजीवनिकीरक्षाजीकरावैहै॥अरमोक्षमार्गकाउपदेशकरिसंसारकादु
खमेटिमोक्षकूंप्राप्तिकरैहै॥असामार्गनविजीवनिकेसंबोधनेंकेअर्थिकह्या
है॥जगतकेप्राणीअनादितैंलगायमिथ्यामार्गमेप्रवृत्तिसंसारमैंभ्रमैहैसोदुःख
मेटनेंकूंआयतनआदिग्यारहस्थानकधर्मकेठिकाणेंकाआश्रयलेहैतेतिक
णिंअन्यथास्वरूपस्थापितितितैसुखलीयाचाहैहै॥सोयथार्थविनासुखकहां
तातैंआचार्यदयालहोयजैसैंसर्वज्ञभाषेतैसैंआयतनआदिककास्वरूपसं १२५
क्षेपकरियथार्थकह्याहै॥ताकूंवाचोपढोधारणकरोयाकीश्रद्धाकरिइनिस्व।

रूपप्रवर्तौयातैंवर्त्तमानमैंसुखीरहो॥अरआगामीसंसारदुःखतैछूटिपर
मानंदस्वरूपमोक्षकूंप्राप्तहोऊ॥आचार्यकाकहनेंकाअभिप्रायहैंइहांकोई
पूछैजोइसबोधपाहुडमैंधर्मव्यवहारकीप्रवर्त्तिकेग्पारहस्थानकहेतिनिका॥
विशेषणकीयाजोछहकायकेजीवनिकेहितकेकरनेंवालेएहैंसोअन्यमती
इनिकूंअन्यथास्थापिप्रवृत्तिकरैहै॥तेहिंसारूपहैअरजीवनिकेहितकरनेंवा
लेनाहीहैंतहांएग्पारहैहीस्थानकसंयमीमुनिअरहंतसिद्धहीकूंकहेतहांतैं
छहकायकेजीवनिकेहितकरनेंवालेहीहैं॥तातैंपूज्पहैयहतोसत्यहैअरए
जहांवसैऐसेआईदेप्रदेशरूपक्षेत्रतथापर्वतकीगुफामंगादिकतथाअ॥
कर्त्रिमचैत्यालयएस्वयमेवणिरहेहैतिनिकूंभीप्रयोजनअरनिमत्तविचारिउ
पचारमात्रकरिछहकायकेजीवनिकेहितकरनेंवालेकहिएतोविरोधना॥

श्रा० पा० १२५ ही दै ताते एप्रदेश जड है ते बुद्धिपूर्वक काहू का बुरा भला करै नाही तथा जड कूं सु
ख दुःख आदि फल का अनुभव नाही ताते ऐसी व्यवहार करि पूज्य है जातें अर
हंतादिक जहां तिष्ठे वह क्षेत्रादिक भी पूज्य है ॥ बहुरि ग्रहस्थ जिनमंदिर वणावै ।
वस्तिका प्रतिमा वणावै प्रतिष्ठा पूजा करै तामें तो छह काय के जीवनि की विराध
ना होय है ॥ सो यह उपदेश अर प्रवृत्ति की वाहुल्यता कैसें है ॥ ताका समाधान
ऐसा जो ग्रहस्थ अरहंत सिद्ध मुनिनि का उपासक है सो राह जहां साक्षात होय
तहां तौ तिनि की वंदना पूजन करै ही है अर साक्षात नाही तहां परोक्ष संकल्प
मैं ले वंदना पूजनां करै तथा तिनि का वसने का क्षेत्र तथा ते मुक्ति प्राप्ति भ
ये तिस क्षेत्र मैं तथा अकृत्रिम चैत्यालय मैं तिनि का संकल्प करि वंदै पूजै या १२६
मैं अनुराग विशेष सूचै है ॥ बहुरि तिनि की मुद्रा प्रतिमा तदाकार वणा कै प्र

रतिस्थ का मंदिर वणा प्रतिष्ठा करि स्थापै तथा नित्य पूजन करै या मैं अत्यंत अ
नुराग सूचै है तिस अनुराग तैं विशिष्ट पुण्य बंध होय है ॥ अर तिस मंदिर मैं छ
ह काय के जीवनि का हित का रक्षा का उपदेश होय है तहां निरंतर सुणनें वाला
धारणे वाले कै अहिंसा धर्म की श्रद्धा दृढ होय है ॥ तथा तिनि की तदाकार
प्रतिमा देखनें वाला कै सांतभाव होय है ध्यान की मुद्रा का स्वरूप जान्या जाय
है वीतराग धर्म तै अनुराग विशेष होनें तैं पुण्य बंध होय है ॥ तातें इनि कूं छह
काय के जीवनि के हित करनें वाले उपचार करि कहिये अर जिनमंदिर वा
वस्तिका प्रतिमा वणावने मैं तथा पूजा प्रतिष्ठा करनें मैं आरंभ होय है ता मैं कि
छू हिंसा भी होय है सो ऐसा आरंभ तो ग्रहस्थ का कार्य है या मैं ग्रहस्थ कूं अल्प पा
प कह्या है ॥ पुण्य बहुत कह्या है जातें ग्रहस्थ की पदई मैं तो मिथ्यात्व अर चोरी

श्र०पा० आदि अन्यायकार्य अर मांसादिक अभक्ष खावाना महापाप कह्या है
१२३ ग्रहस्थ की पदई मैं न्यायकार्य करना न्यायपूर्वक धन उपार्जन करनां रहै
मैं कूं जाय गावणा वेणा ब्याहादिक करनां यत्नपूर्वक आरंभ करि आ
हारादिक आप करि अर षानां इत्यादिक कार्य तिनमैं यद्यपि किछू हिंसा नी है ।
य है तो ऊ ग्रहस्थ कूं इनिका महापाप न कहियें ग्रहस्थ कै तो महापाप मिथ्या
त्व का सेवनां अन्याय चोरी आदि करि धन कूं मावनां त्रसजीवनि कूं मारि मा
स आदि अभक्ष खावाना परस्त्री सेवनां ए महापाप है॥ अर ग्रहस्थचारा छो
डि मुनि होय तब ग्रहस्थ के न्यायकार्य आरंभ करि आहार उपजावना मुनि
के महापाप है जातें मुनि की पदई मैं ए कार्य भी अन्याय ही है अर मुनि कै भी १२४
आहार विहार आदि की प्रवृत्ति मैं किछू हिंसा होय है ताकरि मुनि कूं हिंसा

कन कहिए तातै जिन मंदिर वस्तिका पूजा प्रतिष्ठा के कार्यनि मैं आरंभ का अ
ल्प पाप है अर बहुरि मोक्षमार्ग मैं प्रवर्त्तिनेवाले तिनतैं अति अनुराग होय
है॥ अर तिनिकी भावना करै है तिनि कूं आहार दानादिक दे है तिनिका वै
यावृत्य करै है सो यह सम्यक्त्व का अंग है अर महान पुण्य की कारना है तातें
ग्रहस्थनि कूं सदा करना उचित है अर ग्रहस्थ होय ए कार्य न करै तो जानिये या
कै धर्मानुराग विशेष नांही॥ इहां फेरि कोई कहै है जो ग्रहस्थचारा के कार्य विना
तौ ग्रहस्थ कूं सरै नांही तातैं ते तौ करै ही करै अर धर्मपक्ष मैं बडे आरंभ का
कार्य करि पाप क्यौं मिलावै सामायिक प्रतिक्रमण प्रोषध आदि करि पुण्य उ
पजावै ता कूं कहिए जो तू ऐसें कहै है तहां तेरे रीते परिणाम की तो पहचा
न नांही केवल बाह्य क्रियामात्र ही मैं तू पुण्य समझै है बाह्य बडा आरंभ भी परि

मो॰पा॰ ग्रहीका मन सामायिक प्रतिक्रमण आदि निरारंभ कार्यनिमैं विशेष लागैं ना
१२८ ही है यह अनुभव गोचर है सो तेरै अपनें भावनिका अनुभव नाही केवल
बाह्य सामायिकादि निरारंभ कार्यकानै बधारिवैगें तौ किछू विशेष पुण्य है
नाही शरीरादिक बाह्य वस्तु तौ जड है केवल जडकी क्रियाका फल तौ आ
त्माकूं लागै नाही अपनां भाव जेता अंश बाह्य क्रियामें लागे तेता अंश शु
भाशुभ फल आपकूं लागै है ऐसे विशिष्ट पुण्य तौ भावनिकै अनुसार है ब
हुरि आरंभी परिग्रही का भाव तौ पूजा प्रतिष्ठादिक बडे आरंभमें ही वि
शेष अनुराग सहित लागै है ॥ अर जो ग्रहस्थाचारा के बडे आरंभतें विरक्त
होगा सो त्याग करि अपनी पदई बधावैगा तब ग्रहस्थाचाराके बडे आरंभ छो १२९
डैगा ताही रीति बडे आरंभके धर्मप्रवृत्तिके भी आरंभ पदईकी रीति घटावै।

गा मुनि होगा तब सर्व ही आरंभ काहेकूं करैगा तातै मिथ्यादृष्टी बहिरबुद्धी जे
बाह्य कार्यमात्र ही पुण्यपाप मोक्षमार्ग समझै है तिनिका उपदेश सुणि आपा
कूं अगपानी न होणा पुण्यपापका बंधमें भाव ही प्रधान है अर पुण्यपापरहित
मोक्षका मार्ग है तामैं सम्यग्दर्शनादिकरूप आत्मपरिणाम प्रधान है ॥ अ
र धर्मानुराग है सो मोक्षमार्गका सहकारी है ॥ अर धर्मानुरागकै तीव्रमंदके
भेद बहुत है तातैं अपने भावनिका यथार्थ पहचानि अपनी पदई सामर्थ्य
विचार श्रद्धान ज्ञान प्रवृत्ति करनी अपना बुरा भला अपने भावनके आधी
न है बाह्य परद्रव्य तौ निमित्तमात्र है उपादान कारण होय तौ निमित्त भी स
हकारी होय अपादान न होय तो निमित्त कछु भी न करै है ऐसें इस बोध
पाहुडका आशय जाननां याकूं भी के समझि आयतनादिक जैसे कहे है ते

Dr. BHAU DAJI MEMORIAL

सैं इस्र अरहूनिकाव्यवहारजीवाह्य तैसाही अरचैत्यग्रह प्रतिमाजिनविंवजि
नमुद्राओंश्रो तुपाषाणादिककानी व्यवहार तैसाही ज्ञानिश्रद्धानकरनां
अरप्रवृत्ति करणीं अन्यमती अनेकप्रकारस्वरूपविगाडि प्रवृत्तिकरै हैति
निवुद्धिकल्पितजाणि उपासना नकरनी इसव्यवहारकास्वरूपप्रद्दन्याके
स्थानमैंआदि सैं लेइ सरीगाथामैंवचंचैत्यालयत्रिकअरजिनभवनएभी
मुनिकैध्यावनेंयोग्यहोयहै जातैंजिनमंदिरप्रतिमापूजाप्रतिष्ठाआदिककेल
र्वथानिषेधकरनेवालेसर्वथाएकांतीकीज्यो मिथ्यादृष्टी हैतिनिकीसंगतिन
करनी ॥ छ ॥ आगैंआचार्यइसबोधपाहुडकाकहनां अपनीबुद्धिकल्पितना
हीहैपूर्वाचार्यनिकेअनुसारकह्याहै ऐसेंकहै है ॥ गाथा ॥ सद्दवियारो हूओ ॥ १२९
भासासुत्तेसु जं जिणे कहियं ॥ सो तह कहियं णायं सिसेण य भद्दबाहुस्स

६१ ॥ अर्थ ॥ शब्दकाविकारतैंउपज्या ऐसा अक्षररूपपरिणाया भाषासूत्र
निविषैजिनदेवनैकह्याहै सोही श्रवणमैंअक्षररूपआया वहुरिजैसाजिन
देवकह्यातैसा परंपराकरिभद्रबाहु नामा पंचमश्रुतकेवलीतैं ज्यानया अप
नेशिष्यविसाषाचार्य आदिकूं कह्या सोतिनिनैं जाण्या सोही अर्थरूपविशाष
चार्यकी परंपरातैंचल्या आया सोही अर्थ आचार्य कहै है हमनैंकह्या है ह
मारीबुद्धिकरिकल्पितनकह्याहै ऐसा अभिप्राय है ॥ छ ॥ आगैंभद्रबाहु ॥ १
स्वामीकीस्तुतिरूपवचनकहै है ॥ गाथा ॥ वारसअंगवियाणं ॥ चउदसपुव्वं
गविउलवित्थरणं ॥ सुयणाणि भद्दबाहू गमयगुरू भयवओ जयउ ॥ ६२ ॥ अ
र्थ ॥ भद्रबाहुनामआचार्य है सोजयवंतहोहु कैसे हैं बारहअंगकाहैविज्ञा
नजिनिकूं ॥ वहुरिकैसेहै चउदहपूर्वनिका है विपुलविस्तार जिनिकै ॥ याही

अ०पा० तैंकैसेहैंअनंतज्ञानीहैपूर्णभावज्ञानसहितअक्षरात्मकश्रुतज्ञानजिन
२५७ केपाईयहैबहुरिकैसेहैं॥गमकगुरुहैजेसूत्रतिकेअर्थकूंपाइजैसाकातैंसं
वाक्यार्थकरैतिनिकूंगमककहियेतिनिकेगुरुहैतिनिमेंप्रधानहैं॥बहुरिकैसे
हैंभगवानहैसुरासुरनिपूज्यहै॥ऐसेहैसोजयवंतहोउऐसेंकहनेमैंस्तुति
रूपतिनिकूंनमस्कारसूचैहैजयतिधातुसर्वोत्कृष्टअर्थमेंहैसोसर्वोत्कृ
ष्टकहनेंतैंनमस्कारहीआवैहै॥भावार्थ॥भद्रबाहुस्वामीपंचवांश्रुतके
वलीभयेतिनिकीपरंपरातैंशास्त्रकाअर्थजानियहबोधपाहुडग्रंथरच
्याहैतातैंतिनिकूंअंतमंगलकेअर्थआचार्यस्तुतिरूपनमस्कारकीया
हैऐसेंबोधपाहुडसमाप्तकीयाहै॥भावार्थ॥प्रथमआयतनद्वितीयचै २५७
त्यगृहतीजोप्रतिमादर्शन अरजिनबिंबछठोजिनमुद्रायतिमाज्ञान

॥छप्पय॥

सातमूंदेवआठमूंनवमूंतीरथ॥दशमूंहैअरहंतग्यारमूंदीक्षाश्री
पथ॥इमपरमारथमुनिरूपसत्यआत्मभेषसबनिंद्यहैं॥व्यवहारधातुप
षाणमयआकृतिइनिकीवंद्यहै॥दोहा॥कह्यौवीरजिनबोधयहु
गौतमगणधरधारि॥बरतायोपंचमसमय॥नमूंतिनहिमदछारि॥१॥
इतिबोधपाहुडकीवचनिकासमाप्त॥ ॥अथभावपाहुडकीव
चनिकालिख्यियेहै॥दोहा॥परमानंदकूंवंदिकरि॥शुद्धभावकरतार
करूंभावपाहुडतणी॥देशबचनिकासार॥१॥ऐसेंमंगलपूर्वकप्रतिज्ञाक
रिश्रीकुंदकुंदआचार्यकृतभावपाहुडप्राकृतगाथाबंधग्रंथहै॥ताकीदे
शभाषामयवचनिकालिखियेहै॥तहांप्रथमहीआचार्यइष्टकेनमस्का
ररूपमंगलकरिग्रंथकरनेकीप्रतिज्ञाकासूत्रकहैहै॥गाथा॥णमिऊणजि

णवरेंदे ॥ नरसुरभवणेंद वंदिये सिद्धे ॥ वोछामि भावपाहुड मवसेसे संजदे
सिरसा ॥ २ ॥ अर्थ ॥ आचार्य कहे है जो मैं भावपाहुड नाम ग्रंथ है ताहि कहूं
गा ॥ पूर्वे कहा करि जिनवरेंद्र कहिये तीर्थंकर देव बहुरि सिद्ध कहिए अ
ष्ट कर्म का नाश करि सिद्ध पद कूं प्राप्त भये ॥ बहुरि अवशेष संयत कहिए
आचार्य उपाध्याय सर्वसाधु ऐसे पंच परमेष्टी तिनहि मस्तक करि वंदना क
रि कै कहूंगा ॥ कैसे हैं पंच परमेष्टी नर कहिए मनुष्य सुर कहिए स्वर्गवासी
देव भवन कहिए पाताल वासी देव इनि के इंद्र तिनि करि वंदनें योग्य है ॥
॥ भावार्थ ॥ आचार्य भावपाहुड रचे है सो भाव प्रधान पंच परमेष्टि है तिनिकूं
आदि मैं नमस्कार युक्त है ॥ जातें जिनवरेंद्र तौ ऐसे है जिन कहिए गुणश्रे
णी निर्जरा करि युक्त है ऐसे अविरत सम्यग्दृष्टी आदिक तिनि मैं वर कहि

ए श्रेष्ठ ॥ गणधरादिक तिनि मैं इंद्र तीर्थंकर परम देव है सो गुणश्रेणी निर्जरा
शुद्ध भाव ही तें होय है सो तीर्थंकर भाव के फल कूं प्राप्त भये घाति कर्म का नाश
करि केवलज्ञान पाया ॥ बहुरि तैसें ही सर्व कर्म का नाश करि परम शुद्ध
भाव कूं पाय पूर्णता कूं आप साधै है अन्य कूं शुद्ध भाव सिष्यादीक्षा दे है ब
बहुरि साधु है ते भी तैसें ही शुद्ध भाव कूं आप साधे है ॥ बहुरि शुद्ध भाव ही
के माहात्म्य करि तीन लोक के प्राणीनि करि पूजनें योग्य वंदनें योग्य भये
है तातें भावप्राभृत की आदि विषै इनि कूं नमस्कार युक्त है बहुरि मस्तक
रि नमस्कार करनें मैं सर्व अंग आय गये जातें मस्तक अंगनि मैं उत्तम है
बहुरि आप नमस्कार कीया तब अपना भावपूर्वक भया ही तब मन वच
काय तीनूं ही आय गये ऐसें जाननां ॥ ॥ आगैं कहे है जो लिंग द्रव्य भाव

करिदोयप्रकारहैतिनिमैंभावलिंगपरमार्थहै ॥गाथा॥ भावोहिपढमलिंगंणदव्वे
लिंगंचजाणपरमत्थं भावोकारणभूदो ॥गुणदोसाणंजिणाबिंति॥ २ ॥अर्थ॥
भावहैसोप्रथमलिंगहैयाहीतैंहेभव्यतूंद्रव्यलिंगहैताहिपरमार्थरूपमति
जाणिजातैंगुणअरदोषइनिकाकारणभूतभावहीहैऐसैंजिनभगवान
कहैहै ॥भावार्थ॥ गुणजेस्वर्गमोक्षकाहोनाअरदोषजेनारकादिकसंसार
काहोनाइनिकाकारणभगवांनभावहीकुंकह्याहैयाकारणहोयसोका
र्यकैपहलैप्रवर्त्तैसोइहांमुनिश्रावककैद्रव्यलिंगकैपहलैंभावलिंगहोयतो
साचामुनिश्रावकहोयहैतातैंभावलिंगहीप्रधानहैप्रधानहोयसोहीपरमा
र्थहैयातैंद्रव्यलिंगकूंपरमार्थनजाणणाऐसैंउपदेशकीयाहै॥ इहांकोई
पूछैभावकास्वरूपकेहाहैताकासमाधानजोभावकास्वरूपतोआचार्य

आगैंकहसीतथापिइहांभीकछूकहिएहै॥ यालोकमैंषट्द्रव्यहैंतिनिमैंजी
वपुद्गलकाप्रवर्त्तनप्रगटदेषनेमैआवैहैतहांजीवतोचेतनस्वरूपहैअर
पुद्गलस्पर्शरसगंधसह्रूपजडहैइनिकीअवस्थातैंअवस्थारूपभावतो
दर्शनज्ञानहैअरपुद्गलकर्मकेनिमित्ततैंज्ञानमैंमोहरागद्वेषहोनांसोवि
भावभावहै॥ बहुरिपुद्गलकैस्पर्शतैंस्पर्शांतर॥ नरसतैंरसांतरइत्यादिगु
णतैंगुणांतरहोनांसोतोस्वभावहैअरपरमाणूतैंस्कंधहोनातथास्कंधतै
अन्यस्कंधहोनांतथाजीवकेभावकेनिमित्ततैंकर्मरूपहोनांएविभावभा
वहैऐसेंइनिकैपरस्परैंनिमित्तनैमित्तिकभावप्रवर्त्तैहैतहांपुद्गलतोजड
हैताकैनैमित्तिकभावहैंकिछूसुखदुःखआदिनांहीअरजीवचेतनहैया
कैपुद्गलकेनिमित्ततैंभावहोयतिनितैंसुखदुःखआदिप्रवर्त्तैहै तहांपुद्

अ॰पा॰ तैंजीवकेस्वभावभावरूपरहनेंकाअरनिमित्तिकभावरूपनप्रवर्त्तनेकूं।
१३३ उपदेशहै अरजीकेसंयोगतैंदेहादिकद्रव्यकासंबंधहैसोइसबाह्यरूपकूं
द्रव्यकहिए सो भावतैंद्रव्यकीप्रवृत्तिहोयहैविभावरागद्वेषमोहरूपप्रवर्त्ते
विभावमैंनप्रवर्त्तैतातैंसंसारसंबंधीदुःखहोयहै अरद्रव्यरूपहैसोपुद्गल
काविभावहैयासंबंधीजीवकैंदुःखसुखहोयहैतातैंभावहीप्रधानहै ऐसैंन
होयतौकेवलीभगवांनकैंभीसंसारीकसुखदुःखकीप्राप्तिआवैहैसोहैनं।
ही ऐसैंजीवकेज्ञानदर्शनअररागद्वेषमोहए तीनौस्वभावविभावहै
अरपुद्गलकैस्पर्शादिकअरस्कंधादिकस्वभावविभावहैतिनिमैंजीवका।
हीभावप्रधानहैपुद्गलद्रव्यसंबंधीप्रधाननांही बाह्यद्रव्यनिमित्तमात्रहै। १३३
उपादानविनांनिमित्तकछूकरैनांहीयहतौसामान्यपणैंस्वभावविभावका

स्वरूपहैबहुरियाहीकाविशेषसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतौजीवकास्वभाव
हैतिनिमैंसम्यक्दर्शनभावसोप्रधानहैयाविनांसर्वबाह्यअभ्यंतरक्रिया।
मिथ्यादर्शनज्ञानचारित्रहैसोविभावहैसोसंसारकाकारणहैसो ऐसैंजान
ना॥ २॥ आगेंकहैहैंजोबाह्यद्रव्यनिमित्तमात्रहैसोयाकाअभावजीवकै।
भावकीविशुद्धताहेतकानिमित्तजाणिबाह्यद्रव्यकात्यागकीजियेहै॥ गाथा॥
भावविसुद्धिणिमित्तंबाहिरगंथस्सकीरएचाओ॥ विहलोअब्भंतरगंथ
जुत्तस्स॥ ३॥ अर्थ॥ बाह्यपरिग्रहकात्यागकीजियेहैसोभावकीविशुद्धताकेअ
र्थिकीजियेहै॥ बहुरिअभ्यंतरपरिग्रहजोरागादिकतिनिकरियुक्तहैता
कैबाह्यपरिग्रहकात्यागनिःफलहै॥ भावार्थ॥ अंतरंगभावविनांबाह्यत्याग
दिककीप्रवृत्तिनिःफलहैयहप्रसिद्धहै॥ ३॥ आगेंकहैहैजोकोटिभवमें

Dr. BHAU DAJI MEMORIAL
डाक्टर भाऊदाजी स्मारक

अ०पा०
१३६

तप करै तौऊ भाव विना सिद्धि नाही ॥ गाथा ॥ भावरहिउ न सिज्झइ जइ वि तवं
चरइ कोडिकोडीउ । जम्मंतराय बहुसो लंबियहत्थो गलियवत्थो ॥४॥ अर्थ
जो बहुत जन्मांतरतांई कोडिसंख्यामात्र तांई हस्त लंबायमान करि वस्त्रादि
त्याग करि तपश्चरण करै तौऊ भावरहितकै सिद्धि नाही होय है ॥ भावार्थ ॥ भा
वमै मिथ्यादर्शन मिथ्याज्ञान मिथ्याचारित्ररूप भाव विभावरहित सम्यग्दर्श
न ज्ञान चारित्र स्वरूप स्वभावकै विषै प्रवृत्ति न होय तौ कोडाकोडी भवतांई
कायोत्सर्ग करि ॥ नग्नमुद्रा धारि तपश्चरण करै तौऊ मुक्तिकी प्राप्ति न होय
ऐसें भावमैं सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्ररूप भाव प्रधान है तिनिमैं भी सम्यग्दर्शन प्र
धान है जातैं या विना ज्ञान चारित्र मिथ्या कहे हैं ऐसैं जाननां ॥४॥ आगैं इ १३५
सही अर्थकूं दृढ करै है ॥ गाथा ॥ परिणाममि असुद्धे गंथे मुंचेइ बाहिरे य ज

इ । बाहिरगंथचाओ भावविहूणस्स किं कुणइ य ॥ अर्थ ॥ जो मुनि होइ परिणाम
अशुद्ध होतें बाह्य ग्रंथकूं छोडै तौ बाह्य परिग्रहका त्याग है सो भावरहित मु
निकै कहा करै किछू भी न करै ॥ भावार्थ ॥ जो बाह्य परिग्रहकूं छोडि मुनि होय ।
अर परिणाम अशुद्ध होय अभ्यंतर परिग्रह न छोडै तौ बाह्यका त्याग कि
छू कल्याणरूप फल न करि सकै है सम्यग्दर्शनादि भाव विनां कर्मनिर्जरारू
प कार्य न होय है ॥ पहली गाथामें या मैं यह विशेष है जो मुनिपद लीले अर प
रिणाम उज्ज्वल न रहै आत्मज्ञानकी भावना न रहै तौ कर्म कटै नाही ॥५॥
आगैं उपदेश करै है जो भावकूं परमार्थ जाणि याहीकूं अंगीकार करना ॥
॥ गाथा ॥ जाणहि भावं पढमं किं ते लिंगेण भावरहिएण । पंथिय सिवपुरिपंथं ।
जिणउवइट्ठं पयत्तेण ॥६॥ अर्थ ॥ हे मुनि मोक्षपुरीका मार्ग जिनदेवका ।

रिउपदेस्याभावहीहैतातैंहैसिवपुरीकापथिककहि॥मार्गचलनेवाला॥
तूंभावहीकूंप्रथमजाणि॥परमार्थभूतजाणि॥भावरहितद्रव्यमात्रलिंगकरि
तैरैकहासाध्यहैकिछूभीनाही॥भावार्थ॥मोक्षमार्गजिनेश्वरदेवसम्यग्दर्श
नज्ञानचारित्रआत्माकास्वरूपपरमार्थकरिकह्याहैतातैंयाहीकूंपरमा
र्थजाणिअंगीकारकरणाकेवलद्रव्यमात्रलिंगकरिक हासाध्यहै
ऐसाउपदेशहै॥६॥आगैंकहैहैद्रव्यलिंगअनादितैंबहुतधारेतिनितैं
किछूसिद्धिनभई॥भावार्थ॥भावरहिएणसउरिसअणाइकालंअनंतसंसा
रेगहिउज्झियाइंबहुसोबाहिरणिग्गंथरूवाइं॥७॥अर्थ॥हेसत्पुरुषअनादि
कालतैंलगायइसअनंतसंसारविषैंतैंभावरहितनिर्ग्रंथरूपबहुतवारग्र २३५
हणकीएअरछोडे॥भावार्थ॥भावजोनिश्चयदर्शनज्ञानचारित्रतिसकरि १

बाह्यनिर्ग्रंथरूपद्रव्यलिंगसंसारविषैंअनादिकालतैंलगायबहुतवा
रधारेअरछोडेतथापिकिछूसिद्धिनभई।च्यारिगतिविषैंभ्रमताहीरह्यासो
हीकहैहै॥गाथा॥भीसणणरयगईएतिरियगईएकुदेवमणुगईए।पत्तो
सितीव्वदुक्खंभावहिजिणभावणाजीव॥८॥अर्थ॥हेजीवतैंभीषणभयका
रीनरकगतितथातिर्यंचगतिबहुरिकुदेवमनुष्यगतिविषैंतीव्रदुःखपा
येतातैंतूअबजिनभावनाकहिएशुद्धआत्मतत्त्वकीभावनाभायातैंते
रैसंसारकाभ्रमणमिटै॥भावार्थ॥परमात्माकीभावनाबिनांच्यारिगतिकेदु
खअनादिकालतैंसंसारविषैंपायेतातैंअबजीवतूंजिनेश्वरदेवका॥
शरणलेकरिअरशुद्धस्वरूपकाबारबारभावनारूपअभ्यासकरिया
तैंसंसारकाभ्रमणतैंरहितमोक्षकूंप्राप्तहोयऐसाउपदेशहै॥८॥आगे

अ॰पा॰ च्यारिगतिकेदुःखनिकूं विशेषकरिकहैहै। तहांप्रथमहीनरकगतिकेदुः
१३६ खनिकूंकहैहै। गाथा। सत्तसुणरयावासे दारुणभीसाइअसहणीयाइं
भुत्ताइसुइरकालं दुरकाइणिरंतरंहिसहियाइ। १०। अर्थ। हेजीवतैंसातन
रकभूमिनिविषैनरकआवासजेबिलतिनिविषैदारुणकहिएलीक्रू
रभयानकअरअसहनीयकहियेसहेनजायऐसेंघणेकालपर्यंतदुःख
निकूंनिरंतरहीभोग्याअरसह्या। भावार्थ। नरककीपृथ्वीसातहैतिनिमैंबिल
बहुतहैतिनिविषैएकसागरतेंलगायतेतीससागरपर्यंतआयुहैतहांआ ।
युपर्यंतअतितीव्रदुःखयहजीवअनंतपायाहै। १०। आगैंतिर्यंचगतिके
दुःखनिकूंकहैहै। गाथा। खणणुत्तावणवालणवेयणविछेयणाणिरोहं १३६
चपत्तोसिभावरहिउतिरयगईएचिरंकालं। ११। अर्थ। हेजीवतैंतिर्यंचग

तिविषैखननउत्तापनवेंजनव्युछेदननिरोधनइत्यादिदुःखबहुतका ।
लपर्यंतपायेकैसाभयासंताभावरहितकरिसम्यग्दर्शनआदिभावर
हितभयासंता। भावार्थ। याजीवनैंसम्यग्दर्शनादिभावविनातिर्यंचगतिवि
षैचिरकालदुःखपायेपृथ्वीकायमैंतौकुदालआदिखोदनेकरिदुः
खपाये। अपकायविषैअग्नितैंतपनाढोलनाइत्यादिकरिदुःखपा
येतेजकायविषैज्वालनाबुझावनाआदिकरिदुःखपायेपवनकाय
विषैभारेतैंहलकाकाचलनांफटकनांआदिकरिदुःखपाये। वनस्पतिवि
षैकाटनाछेदनारांधनाआदिकरिदुःखपाये। पंचेंद्रियपशुपंषीजलच
रआदिविषैपरस्परघाततथामनुष्यादिककीकरीवेदनाभूखतृषारो
कनांबंदनदेनांइत्यादिकरिदुःखपाये। ऐसैंतिर्यंचगतिविषैअसंख्यात

अ०पा० अनंतकालपर्यंत दुःख पाये ॥ छ ॥ आगैं मनुष्यगति के दुःखनिकूं कहै है
१३३ ॥ गाथा ॥ आगंतुक माणसियं सहजं सारीरियं च चत्तारि । दुक्खाइं मणु
यजम्मे पत्तोसि अणंतयं कालं ॥ ११ ॥ अर्थ ॥ हे जीव तैं मनुष्य जन्म विषैं अ
नंतकालपर्यंत मानसीक कहिए मन ही विषै भया ऐसा विषयनि की वांछा १
होय अर मिलै नाहीं ऐसा वक्रुति सहज कहिए वात पित्त कफ करि सह
ही उपज्या तथा रागद्वेषादिक तैं वस्तु कूं इष्ट अनिष्ट मानि दुःख ए च्यारि
प्रकार अस्वकार तैं इनि कूं आदि लेअनेक प्रकार दुःख पाये ॥ छ ॥ आ
गैं देवगति विषै दुःखनि कूं कहै है ॥ गाथा ॥ सुरणिलएसु सुरच्छरविओय
कालेय माणसं तिव्वं । संपत्तोसि महाजस दुक्खं सुहभावणारहिओ ॥ १२ ॥ १३३
अर्थ ॥ हे महाजस तैं सुरनिलय कहिये देवलोक विषै सुर ब्रर कहिए प्या

रा देव तथा प्यारी अपसरा का वियोग काल विषै तिसि के वियोग संबंधी दु
ख तथा इंद्रादिक बडा रिद्धिधारी कूं देखि आपकूं हीन मानि मानतां ऐसा
मानसीक दुःख ऐसैं तीव्र दुःख शुभभावना करि रहित भये संते पाया
भावार्थ ॥ इस महाजस ऐसा संबोधन कीया ताका आशय यह है जो मुनि
निर्ग्रंथलिंग धारैं अर द्रव्यलिंग मुनी की समस्त क्रिया करै परंतु आत्मा
का स्वरूप शुद्धोपयोग कै सन्मुख न होय ता कूं प्रधानपणौ उपदेश है ॥
जो मुनि भया सो तो बडा कार्य कीया ते राजस लोक मैं प्रसिद्ध भया परंतु भ
ली भावना यो शुद्धात्मतत्व का अभ्यास विनां तपश्चरणादिक करि तु
स्वर्ग विषै देव भी भया तौ बडा विषयनि का लोभी भया संता मानसीक
दुःखही तप्तायमान भया ॥ छ ॥ आगैं शुभभावना तैं रहित अशुभभा

अ० पा० वनांका निरूपण करै है ॥ गाथा ॥ कंदप्पमाईयाउ ॥ पंचवि असुहादिभा
१३८ वणाई या होऊण दव्वलिंगी ॥ पहीणदेवो दिवे जाउ ॥ १३ ॥ अर्थ ॥ हे जीव
तूं द्रव्यलिंगी मुनि होय करि कांदर्पी कूं आदि लेकरि पांच अशुभ
भावना हैं आदि जिनिकैं ऐसी अशुभ भावना भाय करि प्रहीण देव कहि
ए नीच देव स्वर्ग विषै उपज्या ॥ भावार्थ ॥ कांदर्पी किल्विषी संमोहो ॥
दानवी ॥ आभियोगकी ए पांच असुभ भावना है तहां निर्ग्रंथ मुनि होय क
रि सम्यक्त्व भावना विना इनि अशुभ भावना नकूं भावै तब किल्विष आदि
नीच देव होय मानसीक दुःखकूं प्राप्त होय है ॥ छ ॥ आगै द्रव्यलिंगी पार्श्वस्थ
आदि होय है तिनि कूं कहै है ॥ गाथार्थ ॥ पासत्थभावणाउ अणाइकालं अ
णेयवाराउ ॥ भाऊण दुहं पत्तो ॥ कुभावणाभावबीएहिं ॥ १४ ॥ अर्थ ॥ हे जीव १३८

तूं पार्श्वस्थ भावनातैं अनादि कालतैं लेकरि अनंतवार भाय करि दुःख
कूं प्राप्त भया ॥ काहे करि दुःख पाया कुभावना कहीये भावना ता का भा
व तेही भये दुःख के बीज तिनि करि दुःख पाया ॥ भावार्थ ॥ जो मुनि कहावै
अर वसतिका बांधि आजीवका करै सो पार्श्वस्थ भेषधारी कहिए ॥ ब
हुरि जो कषायी होय व्रतादिकतैं भ्रष्ट करै संघका अविनय करै ऐसा
भेषधारी कूं कुशील कहिये ॥ बहुरि जो वैद्यक ज्योतिषी विद्या मंत्र क
आजीवका करै राजादिकका सेवक होय ऐसा भेषधारी कूं संसक्त क
हिए ॥ बहुरि जो जिनसूत्रतैं प्रतिकूल चारित्र मैं भ्रष्ट आलसी ऐसा भेष
धारी कूं मृगचारी कहिए ॥ इनि की भावना भावै सो दुःख ही कूं प्राप्त हो
य ॥ छ ॥ आगै देव होय करि मानसीक दुःख पाय ऐसै कहै है ॥ गाथा ॥ दे

Dr. BHAU DAJI MEMORIAL
डाक्टर भाऊदाजी स्मारकम्

अ॰ पा॰ वाणगुणविहूई रिद्धीमाहप्पबहुविहं दट्ठूं होऊणहीणदेवो पत्तोबहु
१३६ माणसं दुःखं ॥ १५ ॥ अर्थ ॥ हे जीव तू हीणदेव होय करि अन्य महर्द्धिकदे
वनिकी गुणविभूति ऋद्धिका महात्म्य बहुत प्रका महात्म्य बहुत प्रकार २
देषि करि बहुत मानसीक दुःखकूं प्राप्त भया ॥ भावार्थ ॥ स्वर्ग मैं हीणदे
व होय करि बडी रिद्धिके धारी देवनिकै अणिमा आदि गुणकी विभू
ति देषि तथा देवांगना आदिका बहुत परिवार देषि तथा आज्ञा ऐश्व
र्य आदिका महात्म्य देषि तब मनमैं ऐसै विचारै जो मैं पुण्यरहित होए
बडे पुण्यवान है जिनिकै ऐसी विभूति महात्म्य देषि तब मनमैं ऐसै वि
चारै जो मैं पुण्यरहित हों ए बडे पुण्यवान हैं जिनिकै ऐसी विभूति महा १३७
त्म्य ऋद्धि है ऐसे विचारतै मानसीक दुःख होय है ॥ छ ॥ आगै कहै है जो

अशुभभावनातैं नीचदेव होय ऐसै दुःख पावै है ऐसैं कहि इस कथनकूं ।
संकोचै है ॥ गाथा ॥ चउविहविकहासत्तो मयमत्तो असुहभावपयडत्थो हो
ऊण कुदेवत्तं पत्तोसि अणेयवाराओ ॥ १६ ॥ अर्थ ॥ हे जीव तू च्यारि प्रकार वि
कथा विषै आसक्त भया संता मद करि माता अशुभ भावना ही का है प्रग
ट प्रयोजन जाकै ऐसा होय करि अनेक वार कुदेवपणाकूं प्राप्त भया ॥
भावार्थ ॥ स्त्रीकथा भोजनकथा चोरकथा राजकथा ऐसी च्यारि विकथा ।
तिनि विषै परिणाम आसक्त होय लग्या तथा जाति आदि आठ मद क
रि मत्त भया ऐसैं अशुभभावना ही का प्रयोजन धारि अनेक वार
नीचदेवपणाकूं प्राप्त भया तहां मानसीक दुःख पाया इहां यह विशेष
जानना जो विकथादिक करि तौ नीच देव भी न होय परंतु इहां मुनिकूं

अ० पा० उपदेश है सो मुनिपद धारि किछू तपश्चरणादिक भी करै ऐसे भेषमैं वि
१४० कथादिक मैं रत होय तब भी च्यवदेव होय है ऐसा जाननां ॥ छ ॥ आगै कहै
है जो ऐसैं कुदेवयोनि पाय तहांतै चय जो मनुष्य तिर्यंच होय तहां गर्भमैं आ
वै ताकी ऐसी अवस्था है ॥ गाथा ॥ असुई बीहच्छे हि य कलिमलबहुलाहि
गब्भवसहीहि ॥ वसिओ सि चिरं कालं अणेयजणणीहिं मुणिपवर ॥ १७ ॥
अर्थ ॥ हे मुनिप्रवर तू कुदेवयोनितैं चय करि अनेक माताके गर्भकी व
सती विषै बहुत काल बस्या कैसी है गर्भकी वसती अशुचि है अपवित्र
है बहुरि कैसी है बीभत्स है घिणावणी है बहुरि कैसी है कलिमल बहुल
है जामैं पापरूप मलिन मलकी बहुलता है ॥ भावार्थ ॥ इहां मुनिप्रवर ऐ १४०
सा संबोधन है सो प्रधानपणैं मुनिहीकूं उपदेश है जो मुनिपद लेकैं

मुनिनि मैं प्रधान कहावैं अर शुद्धात्मस्वरूप निश्चय दर्शन ज्ञान चारित्र
कै सन्मुख होय ताकूं कहै है जो बाह्य द्रव्यलिंग लेवऊ तथापि च्यारि गतिविषै
ही भ्रमण कीया देव भी हूवा तो तहांतै चय करि ऐसे मलिन गर्भवास विषै
विषै आया तहां भी बहुत बार बस्या ॥ छ ॥ आगैं फेरि कहै है जो ऐसे गर्भ
वासतैं नीसरि जनमले अनेक माताका दूध पीया ॥ गाथा ॥ पीओसि थणच्छी
रं अणंतजम्मंतराइं जणणीणं ॥ अण्णण्णाण महाजस सायरसलिला दु अ
हियतरं ॥ १८ ॥ अर्थ ॥ हे महाजस तिस पूर्वोक्त गर्भवास विषै अन्य जन्म विषै
अन्य माताका स्तनका दूध तैं समुद्रके जलतैं भी अतिशय करि अधिक
पीया ॥ भावार्थ ॥ जन्म जन्म विषै अन्य अन्य माताके स्तनका दूध एता पीया ताकूं
एकत्र कीजिये तो समुद्रके जलतैं भी अतिशय करि अधिक होय ॥ इ

हां अतिशय का अर्थ अनंतगुणा जानना जातें अनंतकाल का एकत्र
कीया अनंतगुणा होय ॥ छ ॥ आगैं फेरि कहै है जो जन्म लेकरि मरण
कीया तब माता का रुदन का अश्रुपात का जल भी एता भया ॥ गाथा ॥
तुह मरणे दुक्खेणं ॥ अण्णण्णाणं अणेयजणणीणं ॥ रुण्णाण णयणणी
रं सायरसलिलादु अहिययरं ॥१९॥ अर्थ ॥ हे मुनि तैं माता के गर्भ मैं वसि
जन्म लेकरि मरण कीया सो तेरे मरण करि अन्य अन्य जन्म विषै अन्य
अन्य माता के रुदन का नयननि का नीर एकत्र कीजिये तब समुद्र के ज
लतैं भी अतिशय करि अधिक गुणा होय अनंतगुणा होय ॥ छ ॥ आगै
फेरि कहै है जो तु संसार मैं जन्म लीये तिनमैं केश नख नाल कटे तिनि
का पुंज कीजिये तौ मेरुतैं अधिक राशि होय ॥ गाथा ॥ भवसायरे अणं

ते छिण्णुज्झिय केसणहरणालट्ठी ॥ पुंजइ जइ को वि जयेह वदि य गिरिसमधिया रासी
॥२०॥ अर्थ ॥ हे मुनि तैं या अनंत संसार सागर मैं तैं जन्म लीये तिनि मैं तैं जन्म लीये ति
निमैं केस नख नाल के अलि कटे छोडे तिनि का जो कोई पुंज करै तो मेरु गिरितै
भी अधिक राशि होय अनंतगुणा होय ॥ छ ॥ आगैं कहै है जो हे आत्मा तू ज
ल थल आदि स्थान मैं सर्वत्र बस्या ॥ गाथा ॥ जलथलसिहिपवणं ॥ वरगिरिस
रिदरितरुवणाइ ॥ सव्वत्तो वसिओसि चिरं कालं ॥ तिहुवणमज्झे अणप्पवसो
॥२१॥ अर्थ ॥ हे जीव तू जल विषै थल कहिये भूमि विषै सिखि कहिए अग्नि विषै
तथा पवन विषै अंबर कहिए आकाश विषै सरित कहिए नदी विषै दरी कहि
ए पर्वत की गुफा विषै तरु कहिए वृक्षनि विषै बहुत कहा कहिए सर्व ही स्था
नक विषै तीन लोक विषै बहुत काल पर्यंत बस्या निवास कीया ॥ कैसा भया

भा॰ पा॰ १४२ संतोऽप्रात्मा स्वभावकहिएपराधीनहूवासंता ॥भावार्थ॥ निजशुद्धात्माकीभावनांवि
नाकर्मकैआधीनभयातीतलोकमेंसर्वत्रदुःखसहितवासकीया ॥छ॥ आगैंफेरिक
हेहैजोहेजीवतैंयालोकमैंसर्वपुद्गलभखेतौउतृप्तनभया ॥गाथा॥ गसिदूपुग्गला
इंभुवणोदरवत्तियाइंसव्वाइं। पत्तोसितोणतोलिंपुणरुत्तंताइंभुजंतो ॥२२॥ अर्थ॥ हे
जीवतैंयालोककाउदरविषैवर्त्ततेजोपुद्गलस्कंधतिनिसर्वनिकूंग्रसेभखेवफेरिति
निकूंपुनरुक्तफेरिफेरिभोगतासंताहूतृप्तिकूंप्राप्तिनभयो ॥छ॥ आगैंफेरि
कहेहै ॥गाथा॥ तिहुवणसलिलंसयलंपीयंतएहाइपीडिएणतुमं। तोविणतएहं
छेउजायउचिंतेसुभवमहणं ॥२३॥ अर्थ॥ हेजीवतैंयालोकविषैतृष्णाकापी
ड्यातीनभवनकाजलसमस्तपीया तोऊतृष्णाकायछेदनभया। तातैंतूयासंसार १४२
कामथनकहियेनासहोयतैसेचितवनकरि ॥भावार्थ॥ संसारमैंकाहूप्रकारतृप्ति

नांहीतातैंजैसैंआपनैंसंसारकाअभावहोयतैसैंचितवनकरनांनिश्चयसम्य
ग्दर्शनज्ञानचारित्रकूंसेवणांयहउपदेशहै ॥छ॥ आगैंफेरिकहैहै ॥गाथा॥ गहिउज्झि
याइंमुणिवरकलेवराइंतुमेअणेयाइं। ताणंणत्थिपमाणंअणंतभवसायरेधीर
॥२४॥ अर्थ॥ हेमुनिवरहेधीरतैंअनंतभवसागरविषैकलेवरकहिएशरीरतैंअने
कग्रहणकीयेअरछोडेतिनिकापरिमाणनांहीहै ॥भावार्थ॥ हेमुनिप्रधानतूइसशा
रीरस्यूंकिछूस्नेहकीयाचाहैतोयासंसारविषैऐसैशरीरभयेछोडेतिनिकाकिछूप
रिमाणनकीयाजायअनंतग्रहेछोडेतातैंशुद्धात्मकीभावनांकूंप्राप्यशरीरतैंस्नेह
मतिविचारियहउपदेशहै ॥छ॥ आगैंकहैहैजोपर्यायहूंथिरजाणेतोथिरनाहीहै
आयुकर्मकेआधीनहैसोआयुअनेकप्रकारक्षीणहोयहैं ॥गाथा॥ विसवेयणरत्त
क्खय।भयसत्थग्गहणसंकिलेसाणं। आहारुस्सासाणंणिरोहणाखिज्जएआऊ

भा० पा० २५॥ हिमजलणसलिलगुरुपरपव्वयतरुरुहणपडणभंगेहिं रसविज्जजोयधा
१४३ रणअणयपसंगेहिं विविहेहिं ॥२६॥ इयतिरियमणुयजम्मे सुइरं उववज्जिऊण व
हुवारं अवमिच्चुमहादुक्खं तिव्वं पत्तोसि तं मित्त ॥२७॥ त्रिभिः ॥ कुलकं ॥ अर्थ ॥ विष
भक्षणतैं वेदनापीडाके निमित्ततैं रक्त कहिए रुधिर ताका क्षयतैं भयतैं सस्त्रका
घाततैं संक्लेश परिणामतैं आहारका तथा स्वासका निरोधतैं इनि कारण आयु
का क्षय होय है ॥ वहुरि हिम कहिए शीयालातैं अग्नितैं जलतैं वडे पर्वतके चढनेतैं
पडनेतैं वडे वृक्ष चढि करि पडनेतैं शरीरका भंग होनेतैं वहुरि रस कहिए पारा आ
दिककी विद्या ताका संयोग करि धारण करै भषै तातैं वहुरि अन्याय कार्य चोरी व्य
भिचार आदिके निमित्ततैं अनेक प्रकार कारणनितैं आयुकाय छेद होय कुमरण १४३
होय है ॥ यातैं कहै है जो हे जीव हे मित्र ऐसे तिर्यंच मनुष्य जन्म विषे वहुत काल व

हुत वार उपजि करि अपमृत्यु कहिए कुमरण तिस संबंधी तीव्र महादुःख प्राप्त
भया ॥ भावार्थ ॥ या संसार विषे प्राणीकी आयु तिर्यंच मनुष्य पर्याय विषें अनेक क
रणनितैं छिदै है तातैं कुमरण होय है तामैं मरतैं तीव्र दुःख होय है तथा खोटे परि
णामनितैं कुमरण करि फेरि फेरि दुरगति हीमैं पडै है ऐसे यह जीव संसारमे दुःख
पावै है यातैं आचार्य दयाल होय वार वार प्रगट करि दिषावै है संसारतैं
मुक्ति होनेका उपदेश करै है ऐसें जाननां ॥ आगैं निगोदका दुःखकूं कहै है
॥ गाथा ॥ छत्तीसं तिण्णि सया छावट्ठि सहस्स वार मरणाणि अंतोमुहुत्तमज्झे
पत्तोसि णिगोयसम्मि ॥२८॥ अर्थ ॥ हे आत्मन तूं निगोदके वासमैं एक अंतरमुहू
र्त्तमें छयासठि हजार तीनसै छत्तीस वार मरणकूं प्राप्त भया ॥ भावार्थ ॥ निगोदमैं एक
श्वासकै अठारवें भाग आयु पावै तहां एक मुहूर्त्तके सैंतीसै तेहत्तरि स्वासो

DR. BHAU DAJI MEMORIAL

अ० पा० छासठिण है तिनिमैं छतीससै पच्यासी श्वासोछास अर एक स्वास का तीसरा
१४४ भागके बाणवै हजार तीनसै छतीस वार निगोदमैं जन्ममरण होय है ताके दुः
खयह प्राणी सम्यग्दर्शन भाव पाये विना मिथ्यात्व का उदय का वशीभूत भया
सहै है॥छ॥ आगैं इसही अंतमुहूर्त्त के जन्ममरण मैं क्षुद्रभव का विशेष कहै
है॥गाथा॥ वियलिंदिए असीई सट्ठी चालीस मेव जाहेण॥ पंचिंदिये चोवीसं खु
द्दभवं तोमुहुत्तस्स॥२९॥अर्थ॥ इस अंतरमुहूर्त्त के भवनिमैं वेंद्रिय के क्षुद्रभव
असी तेंद्रिय के साठि चौइंद्रिय के चालीस पंचेंद्रिय के चोवीस ऐसै है आत्मा
त क्षुद्रभव जाणि॥भावार्थ॥ क्षुद्रभव अन्यशास्त्रमें ऐसे गिणे हैं॥ पृथ्वी अप तेज
वाय साधारण निगोद के सूक्ष्म वादर करि दश अर प्रतिष्टित वनस्पति एक ऐ
सै ग्यारह स्थानक के भव तौ एक एक के छह हजार वारा छह हजार वारा ताके छा १४४

वठि हजार एक सो वतीस भये वहुरि इस गाथा मैं कहे ते वेइंद्रिय आदिक के दो
यसैं च्यारि ऐसे एक अंतरमुहूर्त्त मैं क्षुद्रभव कहै॥छ॥ आगैं कहै है के ऐसा
आत्म तू इस दीर्घसंसार विषै ऐसै पूर्वोक्त प्रकार सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रय की प्रा
प्ति विनां भ्रम्या था तैं अव रत्नत्रय अंगीकार करि॥गाथा॥ रयणत्तय सु अलद्धे
एवं भमिओसि दीहसंसारे॥ इय जिणवरेहिं भणियं॥ तं रयणत्तयं समायरह॥३०॥
अर्थ॥ हे जीव तैं सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र जो रत्नत्रय ताकूं न पाये संते इस दी
र्घ अनादि संसार विषै पूर्वैं कह्या तैं संभ्रम्या ऐसा जाणि करि अव तू तिस रत्न
त्रय का आचरण करि ऐसे जिनेश्वरदेव कह्या है॥भावार्थ॥ निश्चय रत्नत्रय
पाये विनां यह जीव मिथ्यात्व के उदय तैं संसार मैं भ्रमै है यातैं रत्नत्रय का आ
चरण का उपदेश है॥गाथा॥ अप्पा अप्पम्मि रओ॥ सम्माइट्ठी हवेइ फुडु जीवो॥ जा

अ० पा० १६५ णइतं समायाणं चरदि हु चारित्तमग्गुत्ति ॥ ३१ ॥ अर्थ जो आत्मा आत्माविषे रत होय
यथार्थ स्वरूपका अनुभव करि तद्रूप होय श्रद्धान करै सो प्रगट सम्यग्दृष्टी हो
य ॥ बहुरि तिस आत्माकूं जाणै सो सम्यग्ज्ञान है ॥ बहुरि तिस आत्माकूं आचरण
करै रागद्वेषरूप न परिणमै ऐसें यह निश्चयरत्नत्रय है सो मोक्षमार्ग है ॥ भावार्थ
आत्माका श्रद्धान ज्ञान आचरण जो निश्चयरत्नत्रय है अर बाह्य याका व्यवहार
जीव अजीवादि तत्वनिका श्रद्धान करनां जाननां परद्रव्य परभावका त्याग कर
ना ॥ ऐसें निश्चय व्यवहार स्वरूप रत्नत्रय मोक्षका मार्ग है ॥ तहां निश्चय तौ प्रधा
न है या विना व्यवहार संसारस्वरूप ही है ॥ बहुरि व्यवहार है सो निश्चयका
साधनस्वरूप है या विनां निश्चयकी प्राप्ति नांही है अर निश्चयकी प्राप्ति भये १६५
पीछें व्यवहार किछू है नांही ऐसा जाननां ॥ ३१ ॥ आगें संसारविषै या जीवनैं

जन्ममरण कीये ते कुमरण कीये अब सुमरणका उपदेश करै है ॥ गाथा ॥ अण्णे
कुमरणमरणं अणेयजम्मंतराइं मरिओसि भावय सुमरणमरणं जरमरण
विणासणं जीव ॥ ३२ ॥ अर्थ हे जीव या संसारविषै अनेक जन्मांतरविषै अन्य कु
मरणमरण जैसें होय तैसें तूं मरया अब तूं जा मरणतैं जन्ममरण है ॥ १ ॥ तद्भ
वमरणं ॥ २ ॥ अवधिमरणं ॥ ३ ॥ आद्यंतमरणं ॥ ४ ॥ बालमरणं ॥ ५ ॥ पंडितमरणं
६ ॥ आसन्नमरणं ॥ ७ ॥ बालपंडितमरणं ॥ ८ ॥ ससल्यमरणं ॥ ९ ॥ पलायमरणं ॥ १०
वशार्त्तमरणं ॥ ११ ॥ विप्राणसमरणं ॥ १२ ॥ गृद्धपृष्ठमरणं ॥ १३ ॥ भक्तप्रत्याख्यानं
१४ ॥ इंगिनीमरणं ॥ १५ ॥ प्रायोपगमनमरणं ॥ १६ ॥ केवलिमरणं ॥ १७ ॥ ऐसें सत
रह इनिका स्वरूप ऐसा जो आयुकर्मका उदय समयसमय आयुकर्म खिरै है सो
समयसमय मरण है यह आवीचिकामरण है ॥ १ ॥ बहुरि वर्त्तमान पर्यायका ॥
जो

भ॰ पा॰ १५६

आभावसोतद्भवमरणहै ॥२॥ बहुरिजोजैसामरणवर्त्तमानपर्यायकाश्रै तो
होयतैसाहीआगिलीपर्यायकाहोयगासोअवधिमरणहै ॥ याकाहोयभेदत
हांजैसीप्रकृतिस्थितिअनुभागवर्त्तमानकाउदैआयातैसाहीआगिलीक
बाधैउदयआवैसोसर्वावधिमरणहै ॥ अरएकदेशबंधउदयहोयतौदेशा
वधिमरणकहेए ॥३॥ बहुरिजोवर्त्तमानपर्यायकास्थितिआदिकजैसाउ
दयथातैसाआगिलीकासर्वदेशबंधउदयहोयसोआद्यंतमरणहै ॥४॥ पां
चवांबालमरणहैसोबालपांचप्रकारहै ॥ अव्यक्तबालव्यवहारबालग्या
नबाल ॥ दर्शनबाल ॥ चारित्रबाल ॥ तहांजोधर्मअर्थकामइनिकार्यनि
कूंनजानै ॥ इनिकाआचरणकूंनजानै ॥ इनिकाआचरणकूंसमर्थजाक १५६
शरीरनाहीसोअव्यक्तबालहैजोलोककाअरशास्त्रकाव्यवहारकूंनजा

नैंतथाबालकअवस्थाहोयसोव्यवहारबालहै ॥ तत्वश्रद्धानरहितप्राणी
चारित्रबालहै मिथ्यादृष्टीदर्शनबालहैवस्तुकायथार्थज्ञानरहितज्ञा
नबालहै ॥ चारित्ररहितप्राणीचारित्रबालहैइनिकामरणसोबालमरणहै
इहांप्रधानपणैदर्शनबालहीकाग्रहणहैजातेसम्यग्दृष्टीहैअन्यबालपणा
होतैभीदर्शनपंडितताकासद्भाववत्तैपंडितमरणविषैहीगणियेहै ॥ तहांद
र्शनबालसंक्षेपतैदोयप्रकारमरणकह्याहै इछाप्रवृत्तिअनिछाप्रवृत्त ॥ त
हांअग्निकरिधूमकरिशस्त्रकरिविषकरिजलकरिपर्वततैपडनें
करिउछासकरिविरुद्धआहारसेवनेंकरिबालअज्ञानीचाहिकरिमरैसे
इछाप्रवृत्तेहै ॥ अरजोजीवनिकाइछकहोयअरमरैसोअनिछाप्रवृत्तहै
प ॥ बहुरिपंडितमरणच्यारिप्रकारहै ॥ व्यवहारपंडितसम्यक्पंडितज्ञान

आ०पा० पंडित ॥ चारित्रपंडित तहां लोक शास्त्र का व्यवहार विषें प्रवीण होय सो व्यवहार
१४७ पंडित है ॥ सम्यक्त सहित होय सो सम्यक्त्वपंडित है ॥ इहां दर्शन ज्ञान सहित होय सो
ज्ञानपंडित है ॥ सम्यक् चारित्र करि सहित सो चारित्रपंडित है ॥ इहां दर्शन ज्ञा
न चारित्र सहित पंडित का ग्रहण है जातैं व्यवहार पंडित मिथ्यादृष्टी का स्म
रण में आय गया ॥ ६ ॥ बहुरि जो मोक्षमार्ग में प्रवर्त्तिने वाले साधु संघ मतें छूट
